**प्रधानाचार्य की महत्वाकांक्षा: *राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह* Peachtree मिडिल स्कूल में जश्न का माहौल**

DeKalb काउंटी के मध्य में स्थित Peachtree मिडिल स्कूल उत्साहपूर्ण जश्न और बहुमूल्य सबक का गढ़ है, जिसका सबूत है *राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह*, जिसे आजकल पूरे जोश के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानाचार्य Michelle Perez, जो मूल रूप से हिस्पैनिक और प्यूर्टो रिको निवासी हैं, मान्यता के इस विशेष माह के दौरान अपने विद्यार्थियों के लिए सहभागिता से पूर्ण और समावेशी वातावरण का निर्माण करने का नेतृत्व कर रही हैं।

हर वर्ष 15 सितंबर से 15 अक्तूबर तक संयुक्त राज्य अमेरिका में मनाए जाने वाला *राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह* के दौरान इस देश के इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों में हिस्पैनिक अमेरिकियों के योगदान और प्रभाव को सम्मानित किया जाता है। DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) में लगभग 20 प्रतिशत विद्यार्थी मूल रूप से हिस्पैनिक/लातीनी हैं। प्रतिशत के हिसाब से जनसंख्या काफी है, लेकिन Peachtree मिडिल स्कूल में 45% विद्यार्थियों का संबंध इसी मूल से है।

प्रधानाचार्य Perez, जिन्हें अपने विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि पर गर्व है, उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने विद्यार्थियों के साथ मिलकर हिस्पैनिक विरासत के इस वार्षिक जश्न का खूब लुत्फ उठाया। माता-पिता के साथ सक्रिय भागीदारी करते हुए वह उनकी हिस्पैनिक पृष्ठभूमि और मूल देशों के बारे में चर्चाओं को खूब बढ़ावा देती हैं।

*राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह* के दौरान Peachtree मिडिल स्कूल में आयोजित गतिविधियों में से एक थी कक्षाओं के दरवाज़ों की सजावट करने की प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपने दरवाज़ों को तथ्यों और हिस्पैनिक देशों के झंडों से सजाया। इस स्कूल में सुबह की घोषणाओं के दौरान सामान्य ज्ञान के खेल विशेष रूप से खेले जाते हैं और हिस्पैनिक समुदाय के ऐतिहासिक शख्सियतों की उपलब्धियों पर जानकारी दी जाती है।

प्रधानाचार्य Perez ने बताया कि, "स्कूल में अलग-अलग कक्षाओं के आगे से गुज़रते हुए विभिन्न शख्सियतों के बारे में [सजावटी दरवाज़ों पर] जानकारी पढ़ना अच्छा लगा।" "हम बच्चों को एक तथ्य प्रस्तुत करते हैं जिसके बारे में उन्हें कक्षाओं में चर्चा करनी होती है। फिर वे फ्रंट ऑफिस में फोन करके जवाब देते हैं, ठीक वैसे ही जैसे रेडियो कार्यक्रमों में किया जाता है। सही जवाब देने पर हम उन्हें ईनाम देते हैं।"

ज्ञान बढ़ाने के अलावा, ये सबक विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच सार्थक बातचीत को बढ़ावा देते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपनी-अपनी विविध पृष्ठभूमि के बारे में बताएँ। सातवीं ग्रेड में पढ़ने वाली Brithany Avila ने भी हिस्पैनिक प्रधानाचार्य होने पर अपनी खुशी व्यक्त की।

Brithany ने बताया कि, "अब हम ऐसे व्यक्ति से स्पैनिश में बात कर सकते हैं, अपनी समस्याओं की जानकारी अपनी भाषा में दे सकते हैं, जो हमें समझता हो।" "वो सच में बहुत अच्छी प्रधानाचार्य हैं, जो समझती हैं कि हम क्या महसूस करते हैं। उनकी वजह से स्कूल में हमें बहुत मज़ा आता है और साथ में पढ़ाई में भी मन लगता है।"

उनके सहपाठियों Aviv Balsar और Michael Williams ने भी अपनी सहमति जताते हुए प्रधानाचार्य Perez के नेतृत्व और शैक्षिक अवसरों को सराहा।

"वो उन दुष्ट प्रधानाचार्यों जैसी नहीं हैं। वो स्कूल के लिए कड़ी मेहनत करती हैं, सभी को हँसाती हैं और सभी से प्यार से बात करती हैं," Michael ने बताया। "मैंने जाना कि नक्शे पर Mexico कहाँ स्थित है और वहाँ की क्या विशेषताएँ हैं, जैसे कि शानदार खाना।"

Aviv भी उनकी इस बात से सहमत थे। "मुझे हिस्पैनिक विरासत के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं मालूम था, पर अब पता चल गया है और इसके बारे में जान कर बहुत मज़ा आया।"

प्रधानाचार्य Perez का मिडिल स्कूल में इस ओहदे तक पहुँचने का सफर बहुत ही प्रेरणादायक है। उन्होंने बतौर शिक्षक अपने करियर की शुरुआत 2015 में की और अपने समर्पण और प्रभाव से आहिस्ता-आहिस्ता नई और अधिक ज़िम्मेदारी वाली भूमिकाएँ निभाई। अपने इसी सफर के दौरान 2021 में उन्हें स्कूल का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। इस प्रकार से मात्र 28 वर्ष की आयु में उन्हें DCSD का सबसे युवा प्रधानाचार्य होने का गौरव प्राप्त हुआ।

वैसे तो शुरुआत में उनकी इच्छा बतौर शिक्षक काम करने की थी, लेकिन प्रधानाचार्य Perez ने अपने विद्यार्थियों की भलाई के लिए अपने सामने आए हर अवसर को स्वीकार किया और अधिक महत्वपूर्ण भूमिकाओं के ज़रिए उनके कल्याण के लिए काम किया।

प्रधानाचार्य Perez ने बताया कि, "मैं हमेशा मज़ाक में यह कहती हूँ कि प्रधानाचार्य तो मैं बस किस्मत से बनी हूँ, मेरी दिलचस्पी तो हमेशा से बच्चों को पढ़ाने में रही है।" "मुझे पढ़ाना बहुत अच्छा लगता है। ये मेरा पहला प्यार है, पर साथ ही मैं अपने अभी तक के करियर से भी संतुष्ट हूँ। मुझे बच्चों से प्यार है और उनके लिए काम करना मुझे अच्छा लगता है। अपनी हर भूमिका में मुझे उनके लिए और भी अधिक काम करने का मौका मिला।"

प्रधानाचार्य Perez का नेतृत्व Peachtree मिडिल स्कूल पर अमिट छाप छोड़ता दिखाई दे रहा है। इस स्कूल वर्ष के लिए उनकी योजना विद्यार्थियों को सामाजिक और भावनात्मक समर्थन देने की है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर विद्यार्थी को यह महसूस हो कि उसकी देखभाल की जाती है, आदर किया जाता है और महत्व दिया जाता है।

"हम चाहते हैं कि हम स्कूल में किसी भी विद्यार्थी के पास जाएँ और उनसे पूछें कि क्या उन्हें लगता है कि उनका यहाँ ध्यान रखा जाता है," उन्होंने ज़ोर देते हुए बताया। "क्या आपको लगता है यह स्कूल आपके लिए पढ़ाई करने का सुरक्षित स्थान है और क्या यहाँ आपकी देखभाल की जाती है, आदर किया जाता है या महत्व दिया जाता है?  इस वर्ष हम इस योजना पर बड़े पैमाने पर काम करेंगे।"

वैसे तो वर्ष 2023 के लिए *राष्ट्रीय हिस्पैनिक विरासत माह* आधिकारिक रूप से समापन के निकट है, लेकिन प्रधानाचार्य Perez ने वादा किया है कि वे अपने विद्यार्थियों और स्टाफ को प्रेरित करती रहेंगी और ऐसे मिलनसार और समावेशी वातावरण का निर्माण करेंगी जहाँ विविधता का सम्मान किया जाता हो और हर विद्यार्थी को अपनापन महसूस होता हो।

XXX